NEWS CLIPPING: 25.03.2018

HINDUSTAN

वाईएमसीए में एमएसएमई कांक्लेव का आयोजन 28 मार्च को होगा, आइडिया को बिजनेस में बदलने के टिप्स दिए जाएंगे

युवाओं को स्टार्ट अप में मदद देने को 'कान्क्लेव-2018'

कार्यक्रम

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

स्टार्ट अप की शुरुआत के लिए सरकार युवाओं को किन योजनाओं से लाभ देती है, वित्तीय और अन्य जरूरतों के लिए कहां और कैसे संपर्क करें, सफल स्टार्टअप कैसे संभव है...।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में होने वाले एमएसएमई कान्क्लेंव-2018 में युवाओं की कुछ ऐसी शंकाओं का समाधान होगा। भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय की भागीदारी संग होने वाले इस कार्यक्रम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा।

छोटे उद्यमियों की चुनौतियों के समाधान और युवाओं को स्टार्ट के नए आयाम के बारे में बताने के लिए एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय) और बिसनेस स्टेंडर्ड के साथ यूनिवर्सिटी के इंड्रस्ट्रियल रिलेशंस सेल और कॉरपोरेट अफेयर्स सेल की ओर से मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 28 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में लघु, सूक्ष्म व मध्यम वर्गीय उद्यमियों के अलावा छात्रों को स्वरोजगार के लिए तकनीकों, डिजिटलाइजेशन जैसे मुद्दों पर जानकारी दी जाएगी।

चुनौती दूर करेंगे एक्सपर्ट : भारत सरकार की ओर से नोटबंदी और जीएसटी के बाद लघु व मध्यम उद्यमियों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है उनसे कैसे पार हो सकते हैं उद्यमी इस बारे में जानकारी पाएंगे।

कान्क्लेव में छात्रों को बिजनेस के टिप्स भी दिए जाएंगे। • फाइल फोटो

स्टार्ट अप आइडिया

योजना के मुताबिक युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करना ही मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए संस्थान ने सभी स्ट्रीम के छात्रों से स्टार्टअप को लेकर नए और उन्नतशील योजनाओं पर बकायदा प्रेजेंटेशन मांगी थी। इनमें से चुने गए टॉप 20 स्टार्ट अप आइडिया को कान्क्लेव में प्रस्तुत किया।

"युवाओं के बेहतरीन आइडिया को स्टार्ट अप के लिए एक मंच मिल सके यही कार्यक्रम का उद्देश्य है। चुने गए छात्रों को फंडिंग से लेकर उद्यम की शुरुआत तक में मदद मिलेगी।"

–संजीव गोयल, यूनिवर्सिटी कॉरपोरेट अफेयर्स सेल के डायरेक्टर

NAV BHARAT TIMES

विद्यार्थी सीखेंगे, कैसे अच्छे विचार को व्यवसाय में बदलें

28 मार्च को वाईएमसीए में होगा एमएसएमई कॉनक्लेव

वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी विषय पर 28 मार्च को एमएसएमई कॉनक्लेव-2018 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके अभिनव विचारों को सार्थक व्यवसाय में परिवर्तित करने के लिए मंच प्रदान करना है। इस प्रोग्राम को विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री रिलेशंस सेल तथा एलुमनी व कॉरपोरेट अफेयर सेल द्वारा बिजनेस स्टैंडर्ड और आईएमएसएमई ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह कॉनक्लेव न केवल मध्यम, लघु व सूक्ष्म उद्यमियों के समक्ष उभरती अर्थव्यवस्था की चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए मंच प्रदान करेगा अपितु विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप के विभिन्न पहलुओं को समझने में मददगार होगा। एलुमनी व कारपोरेट अफेयर सेल के निदेशक डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि कॉन्क्लेव के द्वारा शिक्षाविद्, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, उद्योगों को प्रोत्साहित करने वाली एजेंसियां, शोधार्थी तथा विद्यार्थी एक मंच पर आएंगे और इससे सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल की निदेशक डॉ. रश्मि पोपली ने बताया कि स्टार्ट अप को लेकर विद्यार्थियों के नवीनतम विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। कॉनक्लेव में लगभग 150 मध्यम, लघु व सूक्ष्म उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधि व विश्वविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।